राजस्थान सरकार
निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर
वित्त भवन, ए–ब्लॉक, ज्योति नगर जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष नं0:– 0141–2740837, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल:– jacct.dta@rajasthan.gov.in)

क्रमांक:– एफ.4(ई)(एस–1139/2013)/अलेसे–III,II/555 दिनांक:– 13-10-25

## कार्यालय आदेश

विभागीय आदेश संख्या 246/2024–25, क्रमांक एफ.4(ई)(1)(6)/पदस्थापन/अलेसे–II,III/5445 दिनांक 15.01.2025 द्वारा श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II (लिंक नं. 10967) का स्थानान्तरण राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिड़ावा, (झन्झनूं) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद के विरूद्ध किया गया था। प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुन्झुनूं एवं नोडल प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिडावा के पत्र क्रमांक:–जीसीजे/स्था./2025/4036 दिनांक 13.02.2025 के द्वारा सूचित किया कि उपर्युक्त आदेश की पालना में श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II ने दिनांक 20.01.2025 को राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिड़ावा में कार्यग्रहण कर लिया है। यह "महाविद्यालय राजसेस सोसाइटी के अधीन संचालित है और महाविद्यालय के प्राचार्य के पास डी.डी.ओ. कोड आवंटित नहीं है। "फलस्वरूप इस विभाग के आदेश क्रमांक 5859 दिनांक 27.03.2025 के द्वारा श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन माह फरवरी 2025 से अग्रिम आदेशों तक कार्यालय ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिडावा में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी"। प्राचार्य राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिड़ावा ने पत्रांक 450 दिनांक 05.07.2025 के द्वारा सूचित किया कि निदेशालय कोष एवं लेखा के आदेश क्रमांक 165 दिनांक 06.04.2025 की पालना में ब्लाक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिड़ावा में कनिष्ठ लेखाकार द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के कारण श्री सुदेश कुमार का वेतन आहरण नहीं हो सकता है।

विभागीय कार्यालय आदेश क्रमांक 344 दिनांक 25.08.2025 के द्वारा श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन माह अप्रैल 2025 से अग्रिम आदेशों तक कार्यालय उपकोषालय मलसीसर, (झुन्झुनूं) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरण के आदेश जारी किये गये थे। प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिड़ावा ने पत्रांक 919–921 दिनांक 26.09.2025 के द्वारा अवगत् कराया है कि निदेशालय कोष एवं लेखा के आदेश पत्रांक एफ2(ग)पदस्थापन/अलेसे–I/858 दिनांक 21.08.2025 के द्वारा श्री विश्वनाथ खटीक, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I का पदस्थापन उपकोषालय मलसीसर, (झुन्झुनूं) में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद पर कर दिये जाने के कारण माह अगस्त 2025 से वेतन आहरित किया जाना सम्भव नहीं है। **अतः श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का वेतन माह अगस्त 2025 से अग्रिम आदेशों तक कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति, सूरजगढ़ में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध आहरित करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।**

(अमिता शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांक:– एफ.4(ई)(एस–1139/2013)/अलेसे–III,II/555 दिनांक:– 13-10-25

<u>प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–</u>

1. प्राचार्य, श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय, झुन्झुनूं एवं नोडल प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिडावा, झुन्झुनूं।
2. उपकोषाधिकारी, उपकोषालय मलसीसर झुन्झुनूं।
3. विकास अधिकारी पंचायत समिति, सूरजगढ़ को प्रेषित कर लेख है कि श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II का माह अगस्त 2025 से अग्रिम आदेशों तक का वेतन विगत भुगतान प्रमाण–पत्र (एलपीसी), उपस्थिति प्रमाण–पत्र के आधार पर लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध नियमानुसार आहरित करावें।
4. श्री सुदेश कुमार, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II, राजकीय कृषि महाविद्यालय, चिडावा, झुन्झुनूं।
5. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
6. उप निदेशक (एसीपी), कार्यालय हाजा।
7. पदस्थापन सीट/निजि/रक्षित पत्रावली।

(सीमा कौशल)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)